कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 15-06-2024

विषय:- **पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा आगामी बकरीद व गंगा दशाहरा त्यौहार के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक की गयी।**

- **सड़क पर नहीं होगी नमाज की इजाजत। ड्रोन व वीडियोग्राफी से रखी जायेगी नजर**
- **प्रतिबन्धित पशुओं की कुर्बानी नहीं होगी**
- **निर्धारित स्थानों पर ही कुर्बानी होगी। खुले में कुर्बानी प्रतिबन्धित**
- **सोशल मीडिया व असमाजिक तत्वों पर है कड़ी नजर**
- **संवेदनशील स्थानों पर तैनात रहेगी क्यू.आर.टी., अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्यवाही**
- **गंगा दशहरा के दिन स्नान घाटों पर पर्याप्त संख्या में महिला पुलिस कर्मियों की होगी तैनाती, सुरक्षा के होंगे कड़े इंतजाम**
- **विभिन्न समुदाय के मध्य आपसी सौहार्द्र व सहिष्णुता बनाये रखने की अपील की गयी**

आज दिनांक 15-06-2024 को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा आगामी बकरीद व गंगा दशहरा त्यौहर के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक की गयी जहां मौजूद विभिन्न समुदाय के धर्म गुरुओं, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि व सम्भ्रान्त व्यक्तियों से सौहार्द्रपूर्ण व शान्तिपूर्ण वातावरण में त्यौहार को मनाने की अपील की गयी। आमजन को अफवाह व भ्रामक सूचनाओं से बचने हेतु जागरूक किया गया साथ ही पर्व के दृष्टिगत समस्याओं की जानकारी की गयी व उनके शीघ्र निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इस दौरान बैठक में पुलिस उपायुक्त काशी श्री प्रमोद कुमार, अपर पुलिस उपायुक्त काशी श्री चन्द्रकान्त मीना, अपर पुलिस उपायुक्त वरूणा श्री सरवणन टी., सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज सुश्री नीतु, ए.डी.एम. सिटी श्री आलोक वर्मा व नगर निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस आयुक्त,
वाराणसी।